**पर्व** शहर के सूर्य मंदिरों में शुरू होगी विशेष पूजा

# गोरखपुर में सजने लगा तिल, मिठाइयों का बाजार



फाइल फोटो

**जबलपुर, नवभारत।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शहर के मंदिरों में धार्मिक माहौल और स्थानीय बाजारों में तिल, चिक्की की तैयारियों का उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वर्ष भी सूर्यदेव के पूजन के लिए मंदिरों में श्रद्धालु अल सुबह से ही पहुँचने लगेंगे हैं। शहर में ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से कई मंदिर हैं जहाँ सूर्य-देव तथा अन्य देवी-देवताओं की पूजा होती है। शहर में वैदिक गायत्री मंदिर पोलिपाथर में एक ऐसा स्थल है जहाँ सूर्य-देव की विशेष पूजा और गायत्री मंत्र का पाठ किया जाता है। इसके अलावा त्रिपुरी सुंदरी, गुप्तेश्वर मंदिर, पाट बाबा मंदिर जैसी कई पूजा स्थल हैं जो श्रद्धालुओं के लिए प्रसिद्ध हैं।

### नवग्रह मंदिर भी प्रसिद्ध

जबलपुर शहर में कोई विशिष्ट नवग्रह मंदिर (जहाँ सारे नौ ग्रह एक साथ स्थापित हों) का बड़ा प्राचीन प्रतिष्ठित स्थल सरकारी पर्यटन साइटों पर नहीं दिखता, लेकिन मध्य प्रदेश के दूसरे जिलों में सूर्य-प्रधान नवग्रह मंदिर जैसे स्थल चर्चा में रहे हैं। नवग्रह पूजा में सूर्य, चंद्र, मंगल, गुरु, शनि आदि ग्रहों की पूजा होती है, जिससे जीवन के ग्रह-संकट संतुलित माने जाते हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य देना एक प्रचलित परंपरा है। भक्त सूर्य देव से स्वास्थ्य, समृद्धि और नई शुरुआत की कामना करते हैं। स्थानीय मंदिरों में आरती, भजन-कीर्तन जैसे आयोजन होते हैं जिससे श्रद्धा-भाव का संचार होता है।

### गोरखपुर की तिल और स्वादिष्ट मिठाइयां

इस त्योहार के दौरान जबलपुर का गोरखपुर इलाका भी तिल, हलवा, लड्डू और अन्य पारंपरिक मीठाइयों की दुकानों से गुलजार रहता है। स्थानीय दुकानों पर तिल-गुड़ के उत्पादों लड्डू और हलवे की खूब बिक्री होती है, क्योंकि तिल और गुड़ को शुभ माना जाता है। गोरखपुर में कई प्रतिष्ठित मिठाई विक्रेताओं के साथ कई छोटे-बड़े मिठाई भंडार हैं जहाँ त्योहार के लिए खास मिठाइयां मिलती हैं। त्योहार के चलते बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है और घर-घर में तिल-लड्डू, गुड़-चावल और सुपारी सजी नजर आती है। यह पर्व न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है बल्कि सामाजिक रूप से भी परिवारों, बच्चों और बुजुर्गों के बीच मेल-जोल का अवसर बन जाता है।

### इनका कहना है



मै बरगी में रहती हूं सबसे पहले प्रात: काल में उठकर मै जबलपुर जाकर अपने परिवार के साथ त्यौहार मनाती हूं।

**गंगा बाई**



मै अपने घर में अपने हाथों से सारे प्रकार के लड्डू बनाकर मकर संक्रांति का त्यौहार अपने परिवार के साथ तिलवारी घाट पर जाके मनाऊंगी

**सीता यादव**



# ओडीओपी के तहत 'हरा सोना' बनेगी जबलपुरी मटर

▸ जबलपुरी मटर महोत्सव 2026 बायर-सेलर मीट का शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को होटल रॉयल ऑर्बिट में जबलपुरी मटर महोत्सव 2026 बायर-सेलर मीट का भव्य शुभारंभ हुआ। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत जबलपुर की मटर को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने किसानों को बेहतर दाम दिलाने, मटर उद्योग के विस्तार और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने ओडीओपी अंतर्गत मटर के रकबे और व्यवसायीकरण को बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग योजना का लाभ लेने की जानकारी दी। कार्यक्रम में जबलपुरी मटर को 'हरा सोना' बताते हुए फूड प्रोसेसिंग, स्टार्टअप और मार्केटिंग पर विशेष जोर दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित कृषि व उद्योग जगत के प्रतिनिधि, बायर और सेलर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मटर रेसिपी प्रतियोगिता में गृहणी समूह से वंदना साहू, होटल प्रतिनिधि में एमपीटी, विद्यार्थी समूह में उत्कर्ष वासनिक और कृषक समूह में संतोष अग्रवाल प्रथम रहे।

# केशव नगर में निकली प्रभात फेरी, 500 लोगों ने गाई रामधुन



**नवभारत, जबलपुर।** महाकोशल प्रांत के नर्मदा भाग स्थित केशव बस्ती में विगत दिवस विशाल हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत ऐतिहासिक प्रभात फेरी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रभात फेरी में लगभग 500 श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर रामधुन का सामूहिक गायन किया। प्रभात फेरी का शुभारंभ ब्रिटिश स्कूल, राइट टाउन से हुआ, जो स्टेडियम गौ माता चौक होते हुए पुन: ब्रिटिश स्कूल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मातृशक्ति की विशेष भागीदारी देखने को मिली। भारत माता की जय, जय श्रीराम और गर्व से कहो हम हिंदू हैं जैसे नारों से पूरा वातावरण धर्ममय हो उठा। हाथों में भगवा ध्वज लिए प्रतिभागियों ने हिंदू धर्म की शौर्य परंपरा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय प्रेरक डॉ. अनुराग सोनी ने कहा कि हिंदू धर्म शौर्य और धैर्य का प्रतीक है तथा हमें अपने हिंदू होने पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मनोज पांडे, रेडक्रास सोसाइटी के डॉ. सुनील मिश्रा, योगेश धाडे, अनंत डी.के., दिग्विजय सिंह, अभिषेक जैन, अनिल अग्रवाल, मनीष शाह, वैभव नवलेकर, अनुपम उपाध्याय, स्वदेश जैन एवं कौशल किशोर तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# किसान कल तक बुक कर सकेंगे स्लॉट

**नवभारत, जबलपुर।** जिले के ऐसे किसान जिन्होंने समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने अभी तक स्लॉट बुक नहीं किये हैं वे आज 12 और कल 13 जनवरी को भी स्लॉट बुक कर सकेंगे। राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा को देखते हुये स्लॉट बुक करने की अवधि 13 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। इसके पहले स्लॉट बुक करने की अवधि 9 जनवरी तय की गई थी। जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र जिले के उन सभी किसानों से इस तय समयावधि के भीतर ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से स्लॉट बुक करने का आग्रह किया है, जिन्होंने अभी तक अपनी उपज का विक्रय करने स्लॉट बुक नहीं किये हैं।

# युवाओं को मिला आध्यात्मिक व व्यवहारिक मार्गदर्शन

राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रेमनगर में स्वस्थ जीवन शैली पर युवा संवाद





**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव उपहार भवन, प्रेमनगर में 'स्वस्थ जीवन शैली के लिए युवा' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंदौर से पधारी ब्रह्माकुमारीज युवा प्रभाग की क्षेत्रीय समन्वयिका ब्रह्माकुमारी छाया दीदी ने कहा कि सोशल मीडिया का संतुलित प्रयोग, शुद्ध सात्विक भोजन, श्रेष्ठ विचार और स्वस्थ दिनचर्या ही संतुलित जीवन के आधार हैं। सह क्षेत्रीय समन्वयिका ब्रह्माकुमारी मीतू दीदी ने युवाओं को सही दिशा देने में आध्यात्म की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चरित्र निर्माण के माध्यम से ही स्थायी परिवर्तन संभव है। सीए रविकांत जैन ने स्क्रीन टाइम कम करने, वास्तविक जीवन के अनुभव बढ़ाने और नई कौशल सीखने पर जोर दिया। डॉ. रुद्रिका भटेले (एमडी) ने समय पर सोना-जागना, पूरी नींद और एक समय में एक कार्य करने को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताया। डॉ. आनंद काऊरवार ने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव को युवा संकल्प बताया। आशीर्वचन देते हुए ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने रोज 30 मिनट व्यायाम और सुबह-शाम 10-10 मिनट ध्यान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने किया। आयोजन में एनसीसी कैडेट्स, आईटी एक्सपर्ट्स, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### उत्साह के साथ मनाया भक्तिपर्व

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट भवन भूमि में जबलपुर और कटनी जोन की अनेक शाखाओं ने नववर्ष और 'भक्तिपर्व' को उत्साह और भक्ति के साथ मनाया। समागम का मार्गदर्शन मोहिनी (जोनल इंचार्ज, हैदराबाद) ने किया। बहन मोहिनी ने उपस्थित हजारों साधसंगत और सेवादारों को संबोधित करते हुए कहा कि भक्त का स्वभाव प्रेमपूर्ण, नम्र और परोपकारी होता है। सतगुरु की कृपा से व्यक्ति सभी में ईश्वर का अंश देखता है और सदैव प्यार व गुरमत का परिचय देता है। समागम में लुधियाना से आए गीतकार लखन पप्पी और पुष्पिंदर पप्पी ने भक्ति गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जबलपुर, कटनी, सतना, रीवा, मैहर, बालाघाट, मंडला, छिंदवाड़ा, नैनपुर, करेली, कटंगी सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 3000 साधसंगत ने भाग लिया। समागम स्थल पर पंडाल, कैंटीन, प्रकाशन स्टाल, लंगर और विशेष रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन बहन मोहिनी जी ने किया और विशेषज्ञ टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। जबलपुर जोन के ज़ोनल इंचार्ज नवनीत नागपाल ने कहा कि जीवन में भौतिक और अध्यात्मिक दोनों का संतुलन आवश्यक है।

### डॉ. पुंड ने भारतीय कथाओं में निहित शिक्षाओं पर दिया व्याख्यान



**नवभारत, जबलपुर।** मराठी साहित्य अकादमी और दत्त भजन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मकर संक्रमण व्याख्यानमाला में आज वणी से पधारे डॉ. स्वानंद गजानन पुंड ने भारतीय कथाओं के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि बचपन में नाना-नानी से सुनी कहानियों का वास्तविक अर्थ हमें आज समझ में आता है। डॉ. पुंड ने कहा कि कथाओं के माध्यम से नैतिक मूल्य और संस्कार सिखाए जाते थे और ये परिवार को संगठित रखने में सहायक थीं। डॉ. पुंड ने महाभारत, रामायण और पौराणिक कथाओं का वाचन, मनन और चिंतन करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का शुभारंभ मराठी अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले, विजय भावे, शरद आठले और विश्वास पाटणकर द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य वक्ता का स्वागत शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंत तनखीवाले ने किया। मंच संचालन और आभार प्रदर्शन अभय गोरे ने किया। इस अवसर पर डॉ. स्वाती गोडबोले, अनिल राजूरकर, दीपक उबाळे, मुरलीधर पाळंदे, संजय आपटे और नितीन देसाई सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### युवा दिवस पर आज सुबह 9 बजे से होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम 12 जनवरी की सुबह 9 बजे पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल में आयोजित किया जायेगा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में सुबह 9 बजे विद्यार्थियों का मॉडल स्कूल के मैदान में एकत्रिकरण होगा तथा वे योग एवं सूर्य नमस्कार हेतु निर्धारित स्थल पर अपेक्षित दूरी पर पंक्तिबद्ध होकर अपना स्थान लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा तथा मुख्य अतिथि एवं सभी आमंत्रित अतिथियों के स्वागत के बाद सुबह 9.30 बजे से आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्रगीत वंदेमातरम्, स?वामी विवेकानंद जी की वाणी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश के प्रसारण के पश्चात सूर्य नमस्कार और प्राणायाम होगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम का समापन सुबह 10.30 बजे होगा। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस पर जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं में भी सुबह 9 बजे से सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जायेगा।

# रंगारंग पिकनिक का हुआ आयोजन, रेल फेमिली ने उठाया लुत्फ



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर में विजयनगर क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों रेल परिवार, जिसमें सेवानिवृत्त भी शामिल हैं, ने गत दिवस वसुधरा रिसोर्ट भड़पुरा भेड़ाघाट में जमकर पिकनिक का लुत्फ परिवार संग उठाया। सि मौके पर बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी, रिटायर रेल कर्मचारी व उनका पूरा परिवार मौजूद रहा रंगारंग गीत-संगीत की धुन पर नृत्य करके सभी रूटीन जिंदगी से परे तरोताजा महसूस करते नजर आये इस आयोजन के मुख्य संयोजक जे के तिवारी एवं गिरीश राय थे। कार्यक्रम में मुख्य सहयोग सुमन राय, रजनी तिवारी, ममता शुक्ला, मनीषा पाराशर एवं अंजना अग्रवाल, विनय अग्रवाल का रहा इन सभी ने कार्यक्रम को अति मनोरंजक बना दिया कार्यक्रम शुक्रवार की सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित था नाश्ते से लंच एवं शाम की चाय के बाद समाप्त हुआ लंच के पश्चिात अति मनोरंजक ढंग से जे के तिवारी द्वारा हाऊजी का कार्यक्रम रखा गया, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया रेल परिवार विजयनगर प्रतिवर्ष एक अच्छे पिकनिक का आयोजन करता है, इसमें सिर्फ रेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य ही भाग लेते हैं।

# प्रमाण सागर महाराज के नगर आगमन पर निकलेगी शोभायात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज का आगमन सोमवार को प्रात: नक्षत्र नगर से अमृत तीर्थ में आहार चर्या के साथ होगा। इसके पश्चात दोपहर में सामायिक और शिवनगर जैन मंदिर में आगमन होगा। रात्री विश्राम भी शिवनगर में रखा गया है। मंगलवार, 13 जनवरी को दोपहर 1 बजे शिवनगर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा शुरू होगी, जो दमोह नाका, मिलौनीगंज, कोतवाली, सराफा, कमानिया, बड़ा फुहारा, गंजीपुरा, मालवीय चौक होते हुए आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, गोलबाजार में समाप्त होगी। जैन समाज के दिगम्बर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन, प्रधानमंत्री अनिल जैन 'गुड्डु', कोषाध्यक्ष सतीश वर्धमान, मुकेश फड़ीस, सुजीतभाऊ, अमित पड़रिया, जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष नितिन बोंटिया, प्रधानमंत्री शुभम जैन, डी. एन. जैन बोर्डिंग हाउस सोसायटी के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन 'जुग्गू', प्रधानमंत्री संजय सिंघई (आर.व्ही), आदिनाथ समिति के शैलेष आदिनाथ और प्रकाश पटैल आदि ने कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# देश-विदेश से आए चिकित्सकों ने छात्र जीवन की यादें की ताज़ा

▸ मेडिकल कॉलेज जबलपुर में 1976 बैच का स्वर्ण जयंती समारोह





**नवभारत, जबलपुर।** मेडिकल कॉलेज जबलपुर के 1976 एडमिशन बैच ने शिक्षा के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 9 व 10 जनवरी को होटल पसरीचा में भव्य स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया। समारोह में देश-विदेश से आए करीब 85 वरिष्ठ चिकित्सकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अतुल मिश्रा ने की, जबकि मार्गदर्शन न्यूरो सर्जन डॉ. सुबोध दरबारी का रहा। आयोजन को सफल बनाने में को-चेयरमैन डॉ. शिरीष नाईक, डॉ. सतीश अग्रवाल, प्रो. डॉ. धनंजय शर्मा, डॉ. दीपक बहरानी, डॉ. प्रश्नानी एवं डॉ. बरिंदर कोहली का विशेष योगदान रहा। विदेशों से डॉ. जोस मैथ्यूस (अमेरिका), डॉ. सान्याल (यूके), डॉ. सचेत श्रेष्ठ, डॉ. पांडे एवं डॉ. सयामी (नेपाल) उपस्थित रहे। सभी चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज जबलपुर जाकर छात्र जीवन की यादें ताज़ा कीं। अपने गुरुओं प्रो. डॉ. बी.एन. श्रीवास्तव, प्रो. डॉ. आर.के. मिश्रा एवं डॉ. गंडागुले का स्मरण किया गया। इस आयोजन में डॉ. जेठी, डॉ. सुजय मिश्रा, डॉ. के.के. जैन, डॉ. विजय चावला, डॉ. सेकिया, डॉ. मुखर्जी, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ पंकज गुप्ता सहित अनेक चिकित्सकों का सहयोग रहा।

# नर्मदा पंचकोशी प्रकृति से जुड़ाव और आध्यात्मिक अनुभव की यात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम से एमपीईबी मॉर्निंग वॉकर्स के नेतृत्व में माँ नर्मदा की पंचकोशी यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष यह यात्रा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डॉ पुष्पराज पटेल ने बताया कि यह यात्रा केवल शारीरिक नहीं, बल्कि स्वयं की खोज, प्रकृति से जुड़ाव और आध्यात्मिक अनुभव की यात्रा है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु 'नर्मदे हर' और 'हर हर नर्मदे' का उद्घोष करते हुए आगे बढ़े। रीशास्त्रानुसार, माँ सरस्वती में तीन दिन, यमुना में सात दिन और गंगा में एक दिन स्नान करने से जो पुण्य मिलता है, वह केवल माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है। यात्रा में डॉ के.के. वर्मा, डॉ अनुपम श्रीवास्तव, डॉ गुलाब तिवारी, राजेश गुप्ता, अंशुल ब्यौहार, रोहित यादव, सचिन उपाध्याय, सैयद सुजाता हुसैन, अनुराग साहू, आलोक आसाठी, प्रदीप जैन, हेमंत बड़गैया सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यात्रा का पुण्य लाभ लिया।

**शिविर** शिविर में 129 दिव्यांगजनों को लगे कृत्रिम हाथ

# कृत्रिम हाथ पाकर दिव्यांगजनों में दिखी आत्मविश्वास की झलक





**नवभारत, जबलपुर।** सेवा और सामाजिक सरोकार की भावना के साथ सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा रोटरी क्लब जबलपुर वेस्ट के सहयोग से रविवार को कृत्रिम हाथ शिविर का आयोजन दिव्यांगजनों में नई ऊर्जा भरने में सहायक साबित हुआ। मदनमहल थाने के समीप लगाये गये इस शिविर में जबलपुर संभाग के 9 जिलों से आए 129 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क अत्याधुनिक कृत्रिम हाथ प्रदान किये गये। कृत्रिम हाथ पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कराहट के साथ-साथ आत्मविश्वास की झलक भी दिखाई दी। कृत्रिम हाथ लगाने के पहले दिव्यांगजनों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया। शिविर में आये दिव्यांगजनों के पंजीयन करने और उनकी हर प्रकार की सहायता करने सामाजिक न्याय विभाग और जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का अमला उपस्थित रहा। शिविर के सफल आयोजन में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग आशीष दीक्षित, सहायक संचालक सोनम बर्वे, रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, दीपक सिंघई, डी के गुप्ता, डॉ हिमांशु गुप्ता, डॉ सुधांशु गुप्ता, एस पी सिंह, दीपक मिश्रा, शरद जैन, हीराकांत महाराज, डॉ सुनील गुप्ता, डॉ रजनी गुप्ता, डॉ पुषुम जैन, बबलू विश्वकर्मा, समर सिंह ठाकुर, विवेक सोनी, शैलेश सोनी, इंदौर से पधारे तरुण मिश्रा एवं रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा।





# रेवा बीएड कॉलेज में नि:शुल्क वोटर आईडी शिविर

**नवभारत, जबलपुर।** कार्यालय कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं स्वीप समिति के आदेशानुसार रेवा बी.एड. कॉलेज, अधारताल में संचालित ईएलसी क्लब द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत 9 एवं 10 जनवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नि:शुल्क वोटर आईडी कार्ड निर्माण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान महाविद्यालय परिसर में छात्रों से आवश्यकतानुसार फॉर्म नंबर-6 एवं फॉर्म नंबर-8 भरवाए गए। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रितु यादव के संरक्षण में संपन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम का मार्गदर्शन एवं सफल संचालन महाविद्यालय की नोडल अधिकारी अनुजा राजपूत द्वारा किया गया। शिविर को सफल बनाने में टेक्निकल स्टाफ का भी सराहनीय सहयोग रहा।